श्री प्रल्हाद जोशी का प्रोफाइल

केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री

श्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक से लोकसभा सांसद हैं और वे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण के उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान वे कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री थे। श्री जोशी लगातार पांच बार से धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने जा रहे हैं।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री के रूप में, श्री जोशी देश के स्वच्छ और स्थायी भविष्य की दिशा में काम कर रहे हैं, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा और गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से 500 गीगावॉट और 2070 तक नेट-शून्य लक्ष्य प्राप्त करने का लक्ष्य है, जो भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

नवीकरणीय क्षेत्र में विकसित भारत बनने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं क्योंकि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एक व्यापक, सर्वव्यापी दृष्टिकोण पर काम कर रहा है, जिसमें सरकारी नीति, तकनीकी प्रगति और समुदायों को शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, श्री जोशी कई पहलों का नेतृत्व कर रहे हैं, जिनमें अन्य नीतियों के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2027 तक प्रत्येक वर्ष 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए बोलियां (बिड्स) जारी करना, आईएसटीएस शुल्क माफ करना, नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा पार्कों की स्थापना करना, अपतटीय (ऑफशोर) पवन परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अंतराल निधीयन स्कीम आदि शामिल हैं।

श्री जोशी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम-कुसुम स्कीम और अपतटीय (ऑफशोर) पवन परियोजनाओं सहित कई प्रमुख स्कीसमों का नेतृत्व किया जा रहा है।